हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, गुरुवार, 1 फरवरी 2024

तापमान
अधिकतम 17.0 डिग्री
न्यूनतम 12.0 डिग्री

10 हड़ताली पटवारियों ने किया गिरदावरी न करने का ऐलान



10 सरकार खेलों को लगातार दे रही बढ़ावाः राजन



## खबर संक्षेप

### जिला रोजगार कार्यालय में रोजगार मेला कल

**जींद।** जिला रोजगार अधिकारी डा. अंजू नरवाल ने बताया कि दो फरवरी को जिला रोजगार कार्यालय परिसर में प्रातः दस बजे रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। मेले में बैंकिग सेक्टर की रिक्तियों के विरूद्ध प्रार्थियों का सेल्स ऑफिसर एवं के पद हेतू चयन किया जाना है। न्यूनतम योग्यता स्नातक उतीर्ण होना अनिवार्य है व आयु 26 वर्ष से ज्यादा न हो। पद पर चयन उपरांत वेतन 18 से 25 हजार देय रहेगा।

### रेलगाड़ी से गिर युवक गंभीर, पीजीआई रेफर

**जींद।** दिल्ली-बठिंडा रेलमार्ग पर करैंथी-किलाजफरगढ़ स्टेशन के बीच यात्री ट्रेन से गिर कर घायल हो गया। राजकीय रेलवे पुलिस ने घायल को नागरिक अस्पताल में पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने गंभीर हालत को देखते पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया है। फिलहाल पीजीआई उपचाराधीन है लेकिन शिनाख्त नहीं हो पाई है। जीआरपी को सूचना मिली थी कि करैंथी और किलाजफरगढ़ स्टेशन के बीच एक यात्री रेलगाड़ी से गिरकर घायल हो गया है।

### लूट की वारदात में शामिल आरोपी काबू

**जींद।** अलेवा थाना पुलिस ने नगूरां से बाइक व खटकड़ पेट्रोल पंप पर लूट के आरोपित को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। बरसोला निवासी प्रवीण ने गत 28 अक्टूबर को पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि वह दोस्त मोनू की बाइक से खेत में जा रहा था। डाहौला के निकट बिना नंबर की बाइक सवार तीन युवकों ने बाइक को रूकवा लिया और असलहा के बल पर मोटरसाइकिल छीन कर फरार हो गए।


### जिले में कहीं बूंदाबांदी तो कहीं पर हलकी बरसात

# वर्ष की पहली बारिश ने लोगों को दिलाई सूखी ठंड से राहत

## तापमान में होगा इजाफा, लोगों को मिलेगी ठंड से राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के चलते बुधवार को साल की पहली बारिश ने लोगों को सूखी ठंड से राहत दिलाने का काम किया। जिले में कुछ स्थानों पर बूंदाबांदी तो कुछ स्थानों पर हलकी बारिश हुई। जिसने किसानों के चेहरे पर भी खुशी ला दी। बुधवार को अधिकतम तापमान में एक डिग्री की गिरावट दर्ज की जबकि न्यूनतम तापमान में दो डिग्री की वृद्धि हुई। दिनभर बादलों तथा सूर्य के बीच अठखेलियां चलती रही। हलकी फुव्वार भी गिरी। बुधवार को अधिकतम 17 डिग्री, न्यूनतम तापमान 12 डिग्री दर्ज किया गया। जबकि मौसम में आद्रता 96 प्रतिशत ओर हवा की गति 10 किलोमीटर प्रति घंटा दर्ज की गई। पिछले 24 घंटों के दौरान जिले में दो एमएम बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार वीरवार को भी बारिश की संभावना है। इस दौरान 10 से 20 किलोमीटर प्रति घंटा की गति से हवाएं चल सकती हैं। कृषि वैज्ञानिकों ने अगले दो से तीन दिनों तक फसल में सिंचाई और स्प्रे रोकने की सलाह दी है। पिछले डेढ़ माह से कडाके की ठंड तथा तापमान के जमाव बिंदू पर पहुंच गया था। फसलों पर ठंड का असर साफ देखने को मिल रहा था।



जींद। बारिश रूकने पर फसल को देखने पहुंचा किसान। फोटो :हरिभूमि



जींद। बारिश के बीच गुजरते वाहन चालक। फोटो :हरिभूमि

### दो तक मौसम परिवर्तनशील

पांडू पिडारा कृषि विज्ञान केंद्र के मौसम वैज्ञानिक डा. राजेश ने बताया दो फरवरी तक मौसम परिवर्तनशील रहेगा और इस दौरान बारिश की संभावना बनी रहेगी। इस दौरान अधिकतम तापमान 14 से 20 डिग्री तक रहेगा तो न्यूनतम तापमान 7 से 10 डिग्री तक पहुंचने का अनुमान है। तेज गति से हवाएं चलेंगी। इसके बाद मौसम खुलने के आसार हैं। यह बारिश किसानों के लिए वारदान साबित होगी। क्योंकि बारिश की बूंदों से जहां फसलों में बीमारी खत्म हो जाएगी तो वहीं फसल अच्छी ग्रोथ करेंगी। उन्होंने किसानों को सलाह दी है कि मौसम को देखते हुए सिंचाई का कार्य रोक दें। फसलों में अल, चेपा दिखाई देने पर उन टहनियों को तोड़ कर नष्ट कर दें। पशुओं को बाड़े के अंदर रखें।

मौसम के करवट लेने के बाद हुई बूंदाबांदी से किसानों को कुछ राहत मिली है। बूंदाबांदी फसलों के लिए फायदेमंद है। कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को सलाह दी कि वो अपने खेतों की नियमित रूप से निगरानी रखें। मौसम गेहूं में पीला रत्तुआ और सरसों में सफेत रत्तुआ के अनुकूल बना हुआ है। सरसों में चेपा आ सकता है। इसलिए सफेद रत्तुआ और चेपा के लक्षण दिखें तो तुरंत कृषि वैज्ञानिकों से संपर्क करें और वैज्ञानिकों द्वारा सुझाव दवा का छिड़काव करें। मौसम विभाग के अनुसार एक व दो फरवरी को जिले हलके से मध्यम दर्जे की बारिश के आसार बने हैं। चार फरवरी तक मौसम परिवर्तनशील रहेगा। पश्चिम विक्षोभ के कारण बुधवार और वीरवार को हल्की बारिश हो सकती है। इस दौरान अधिकतम तापमान 14 से 20 डिग्री तक रहेगा तो न्यूनतम तापमान 7 से 10 डिग्री तक पहुंचने का अनुमान है। इस दौरान तेज गति से हवाएं चलेंगी। बुधवार को पूरा दिन रह-रह कर बारिश व बूंदाबांदी होती रही। दोपहर बाद सूर्य देवता बादलों की ओट से निकले और लोगों को दर्शन दिए। जिसके चलते धूप निकल आई और तापमान में इजाफा हुआ। इससे पहले मौसम धुंध भरा बना रहा और सुबह के समय वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। वाहनों को एक-दूसरे के पीछे लाइट जला कर चलते हुए देखा गया।

### बूंदाबांदी गेहूं की फसल के लिए होगी फायदेमंद

**कैथल।** कैथल में बुधवार सुबह के समय करीब एक घंटा तक हल्की बूंदाबांदी हुई। दोपहिया वाहनों की रफ्तार भी धीमी रही। जिले में अधिकतम तापमान 17 तथा न्यूनतम तापमान 11 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। गौरतलब है कि सुबह आठ से नौ बजे तक एक घंटा बूंदाबांदी हुई। जिससे कामकाज पर जाने वाले लोगों को भी सुबह परेशानी का सामना करना पड़ा। बूंदाबांदी के चलते सडकों पर कीचड़ हो गया है। जिससे दो पहिया वाहन चालकों के कपड़े व जूते मिट्टी में धंस रहे हैं। दिनभर धूप न निकलने से सड़कें कीचड़ में गीली रही। दोपहिया वाहनों की रफ्तार भी धीमी रही। गौरतलब है कि सुबह आठ से नौ बजे तक एक घंटा बूंदाबांदी हुई। जिससे कामकाज पर जाने वाले लोगों को भी सुबह परेशानी का सामना करना पड़ा। किसान राम सिंह, सोहन लाल, रमेश कुमार आदि ने बताया कि बरसात व बूंदाबांदी से गेहूं की फसलों को फायदा है। आगामी दिनों में भी ऐसी बारिश होती है तो उसका भी रबी की फसलों में नुकसान नहीं होगा। बारिश के बाद मौसम साफ हो जाएगा। जिससे अगेती सब्जियों की बिजाई की जा सकेगी। कृषि विज्ञान केंद्र के मुख्य विज्ञानी डा. रमेश वर्मा ने बताया कि बृहपतिवार को भी बरसात जारी रहेगी। दो जनवरी को आमतौर पर मौसम साफ रहने की संभावना है।



गुहला-चीका। मार्ट में लगी आग को बुझाते फायर ब्रिगेड कर्मचारी।

## इलेक्ट्रानिक मार्ट में शार्ट सर्किट से आग

- फायर ब्रिगेड कर्मचारियों ने भारी मशक्कत के बाद पाया काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका

चीका पटियाला रोड पर अनाज मंडी में स्थित एक इलेक्ट्रानिक मार्ट में आज सुबह-सवेरे आग लग जाने से दुकान में रखा सामान राख हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार आग लगने का कारण शार्ट सर्किट बताया गया है। मार्ट के मालिक राहुल गोयल व पीयूष गर्ग ने बताया कि जैसे ही उनके मार्ट में आज सुबह आग लगी तो पड़ोसियों ने उन्हें सूचित किया और वे तुरंत मौके पर पहुंच गए। उन्होंने बताया कि जब वे मार्ट में आए तो भयंकर आग लगने के कारण मार्ट में रखा सामान जलकर राख हो गया था। उन्होंने बताया कि आग लगने पर तुरंत फायर ब्रिगेड को सूचित किया गया और फायर ब्रिगेड कर्मचारियों व आसपास के दुकानदारों ने भारी मशक्कत करके काफी देर बात आग पर काबू पाया। उन्होंने बताया कि मार्ट में अधिकतर सामान फ्रिज, टी.वी., वाशिंग मशीन. एल.ई.डी. रसोईघर के उपकरण व कूलर आदि सहित ज्वलनशील सामान था, जिस कारण मार्ट में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। उन्होंने बताया कि आग लगने से उनका लाखों रुपये का सामान जल गया है। काबिलेजिक्र है कि मार्ट में लगी आग यदि सुबह की अपेक्षा रात को लगती तो आसपास की दुकानों को भी भारी नुकसान हो सकता था।

### ढाबे पर गोली चलाने के तीन आरोपित गिरफ्तार

**नरवाना।** चंडीगढ-हिसार नेशनल हाइवे पर दनौदा खुर्द गांव के खेतों में महाकाल फैमिली ढाबे पर गत 29 जनवरी की रात को ढाबे के मलिक व ढाबे की देखभाल करने वाले पर फायर करने के आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। डीएसपी अमित भाटिया ने पत्रकारों से बातचीत में किया कि सदर थाना पुलिस के प्रभारी रिषीपाल ने इस मामले में त्वरित कार्रवाई की और पिल्लूखेड़ा निवासी मोंटी उर्फ बंटी, गांव घसो कलां निवासी राहुल व गांव मलार निवासी मोंटी को गिरफ्तार किया है। मोंटी के खिलाफ असलहा अधिनियम के तहत पांच मामले दर्ज हैं। जिनमें पिल्लूखेडा में दो मामले, गोहाना में दो मामले व सफीदों में एक मामला दर्ज है। तीनों से एक रिवाल्वर व देशी कट्टा, 21 जिंदा कारतुस बरामद किए हैं। वहीं ओरोपीतों से जब गहनता से पूछताछ की गई तो उन्होंने बताया कि उनके पास से बरामद हथियार उन्होने गांव फतेहपुर बागपत निवासी अंकित से खरीदे हैं।



## खबर संक्षेप

### कापड़ो आएंगे कल डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला

**उचाना।** काकड़ोद गांव के पूर्व सरपंच मनोज शर्मा ने बताया कि हलके के साथ लगते गांव कापड़ो में डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला दो फरवरी को आएंगे। इस दिन नारनौंद हलके के सात गांवों में डिप्टी सीएम पहुंचेंगे। नारनौंद हलके के मिर्चपुर, कापड़ो, खेड़ी जालब, मिलकपुर, ढाणी सांकरी, सोरखी, बांडाहेड़ी गांव में डिप्टी सीएम जाएंगे।

### कांग्रेस संदेश यात्रा का जींद में होगा स्वागत

**जींद।** कांग्रेस संदेश यात्रा आज जींद पहुंचेगी। युवा कांग्रेस अध्यक्ष जींद सूरज रेढू ने बताया कि कांग्रेस संदेश यात्रा 4 बजे जींद में प्रवेश करेगी। युवाओं और जींद के लोग कांग्रेस संदेश यात्रा का स्वागत किया जाएगा व जाट धर्मशाला में जनसभा का आयोजन होगा। कांग्रेस संदेश यात्रा का संदेश लेकर भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस महासचिव व सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला, महासचिव कुमारी शैलजा व विधायक किरण चौधरी पहुंचेंगी।

### धडौली गोशाला संचालन की मांगी अनुमति

**जींद।** गांव मोहम्मदखेड़ा, बनियखेड़ा, अमरावलीखेड़ा, खरकगादियां, जामनी के सरपंचों द्वारा हस्ताक्षरित ज्ञापन ग्रामीणों ने डीसी को सौंपा और धड़ौली गौशाला को चलाने व प्रधान बनाने की मांग की। अमित शास्त्री ने कहा कि वो गौशाला धड़ौली के आसपास के रहने वाले हैं व गोभक्त हैं। सभी आचार्य बलदेव की मान्यता पर चलने वाले है।

### राष्ट्रीय लोक अदालत नौ मार्च कोः सीजेएम

**जींद।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा नौ मार्च को जींद स्थित न्यायिक परिसर सहित उपमंडल नरवाना व सफीदों में भी राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। परिवादी राष्ट्रीय लोक अदालत में आपसी सुलह व समझौते के आधार पर स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से केस का निपटारा करा सकते हैं।

### निराश्रित बच्चों को दी जा रही प्रति माह वित्तिय सहायता

**जींद।** उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि जिला में 21 वर्ष तक की आयु का बच्चा जो अपने माता-पिता की सहायता अथवा देखभाल से उनकी मृत्यु होने के कारण, अपने पिता के घर से पिछले दो वर्ष की अवधि से अनुपस्थित होने के कारण अथवा माता-पिता के लंबी सजा, जोकि एक वर्ष से कम न हो या मानसिक व शारीरिक अक्षमता के कारण वंचित हो जाते हैं सहकारिता विभाग द्वारा दी जा रही वित्तिय सहायता का लाभ पात्र है।

### डिप्टी सीएम हर वर्ग के लिए उम्मीद की किरण

**उचाना।** जजपा व्यापार प्रकोष्ठ हलकाध्यक्ष ओमदत्त शर्मा डाहोला ने कहा कि हर वर्ग की उम्मीद की किरण डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला है। निरंतर जो-जो वायदे विस चुनाव में किए थे उन वायदों को गठबंधन सरकार में पूरा करवाने का काम कर रहे है। सीएम मनोहर लाल, डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला निरंतर प्रदेश को विकास के पथपर लेकर जा रहे है।

### दो बच्चों के साथ महिला संदिग्ध हालात में लापता

**जींद।** गाव बधाना से दो बच्चों के साथ घर से दवाई लेने निकली महिला के संदिग्ध हालात में गायब होने पर अलेवा थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव बधाना निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस उसकी 25 वर्षीय पत्नी दो बच्चों के साथ दवाई लाने की बात कह कर घर से निकली थी।

### घर में घुसकर युवती से अश्लील हरकत, केस

**जींद।** गांव अलेवा में घर में घुस कर युवती के साथ अश करने पर अलेवा थाना पुलिस ने दो युवकों के खिलाफ अश समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव अलेवा की युवती ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस वह घर में अकेली थी।

## हड़ताल को दो फरवरी तक बढ़ाया

# हड़ताली पटवारियों ने किया गिरदावरी न करने का ऐलान

द पटवार एंड कानूनगो एसोसिएशन के आह्वान पर 29वें दिन पटवारियों की हड़ताल जारी रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। पटवार भवन में धरने पर बैठे पटवारी। फोटो : हरिभूमि

द पटवार एंड कानूनगो एसोसिएशन के आह्वान पर बुधवार को 29वें दिन पटवारियों की हड़ताल अलेवा तहसील प्रधान लखपत पटवारी की अध्यक्षता में जारी रही। पटवारियों ने अब आने वाले समय में रबी फसल की गिरदावरी नहीं करने का ऐलान किया है। धरने पर मंच संचालन जिला सचिव अमरदीप श्योकंद ने किया। जिला प्रधान सूबे सिंह व राज्य कोषाध्यक्ष सन्नी डागर ने कहा कि लोगों की समस्या को देखते हुए सरकार जल्द से जल्द वेतन विसंगति को दूर करे। सोमवार को सरकार के साथ हुई वार्ता विफल रही। वहीं बुधवार को हरियाणा पॉवर कारपोरेशन ने पटवारियों की मांगों का समर्थन किया। पटवारियों ने अब दो फरवरी तक हड़ताल बढ़ा दी है। वहीं शनिवार व रविवार को भी अवकाश रहेगा। सन्नी डागर ने कहा कि मांगों को लेकर पटवारी तीन जनवरी से हड़ताल पर हैं। इस दौरान अब तक पटवारी आठ बार हड़ताल बढ़ा चुके हैं। पटवारियों को उम्मीद थी कि तीन दिन की हड़ताल के बाद से ही सरकार उन्हें वार्ता के लिए बुला लेगी लेकिन सरकार की हठधर्मिता के चलते पटवारी हड़ताल बढ़ाने को मजबूर हैं। पटवारियों की मुख्य मांग हैं कि प्रदेशभर में पटवारी की संख्या जहां चार हजार के आसपास होनी चाहिए थी, अब मात्र 1400 पटवारी ही काम कर रहे हैं। इससे पटवारियों पर काम का अत्यधिक बोझ बढ़ गया है। 2019 से गिरदावरी कंप्यूटर सहायक का पैसा आज तक भी नहीं मिला है। वहीं पटवारी की गिरदावरी का समय डेढ़ महीना किया जाए ताकि पटवारी गिरदावरी समय से कर सकें।

सरकार जल्द से जल्द पटवारियों की मांग को पूरा करें। उन्होंने कहा कि नायब तहसीलदार की विभाग की परीक्षा जो साल में दो बार करवाए जाने का प्रावधान है, वह तीन साल बीतने पर एक बार भी नहीं हुई है। सरकार इस परीक्षा को जल्द से जल्द करवाए।



### हिट एंड रन कानून का किया विरोध

**जींद।** ऑल चालक व मालिक एकता मंच जींद का धरना ड्राइवर विरोधी काले कानून के विरोध में बुधवार को 25वें दिन भी खटकड़ टोल प्लाजा पर जारी रहा। धरने की अध्यक्षता भागल सिंह व संचालन आजाद पांचाल ने किया। देश व प्रदेश में चल रहे ड्राइवर, ट्रांसपोर्टर व मलिकों के आंदोलन की बीजेपी सरकार लगातार अनदेखी कर रही है। जिसका खामियाजा आने वाले समय में भाजपा सरकारों को भुगतना पड़ेगा। खटकड़ टोल प्लाजा पर चल रहे धरने में मौजूद लोगों ने आवाज में आवाज मिलाते हुए सरकार से मांग की कि आगामी बजट सत्र में ड्राइवर विरोधी शिहट एंड रन रूपी काले कानून को रद्द किया जाए। ऑल ड्राईवर कल्याण संघ के रा'य प्रधान मोहम्मद सरताज को तुरंत प्रभाव से रिहा किया जाए और उनके ऊपर बनाए गए झूठे मुकदमे रद्द किए जाएं। इसी को लेकर पांच फरवरी को जींद में प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मोहम्मद सरताज को भाजपा सरकार ने ड्राइवर के आंदोलन को दबाने के लिए झूठे मुकदमे बना कर जेल में डाला हुआ है, जिसे ड्राइवर समाज सहन नहीं करेगा। ड्राइवरों ने आरोप लगाया कि सरकार उनकी आवाज को दबाना चाहती है। इन प्रदर्शनों में आम जनता सहित चालकों एवं वाहनों के मालिक हिस्सेदारी करेंगे। उन्होंने मांग की कि हिट एंड रन कानून को निरस्त किया जाए। देश के 22 करोड़ चालकों को न्याय दिलाने के लिए राष्ट्रीय चालक आयोग का गठन किया जाए। राष्ट्रीय चालक दिवस की घोषणा की जाए और सरकारी कैलेंडर में लागू किया जाए।



# अब कागजात नहीं फोन एप से काम करेंगी आंगनबाड़ी वर्कर्स

- आंगनबाड़ी वर्कर्स को वीसी के माध्यम से पोषण ट्रैकर एप के उपयोग को लेकर प्रशिक्षण दिया
- जिले की 1433 आंगनबाड़ी वर्कर्स को मुख्यालय से दिया ऑनालाइन प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

आंगनबाड़ी केंद्रों से संबंधित सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार लाने व कार्य को आसान बनाने के लिए पोषण ट्रैकर ऐप के उपयोग को लघु सचिवालय सभागार में वीसी के माध्यम से प्रशिक्षण दिया गया। पोषण ट्रैकर एप के बारे में आंगनबाड़ी वर्कर्स को प्रशिक्षण से यह काम अधिक आसान होगा। जिससे वह इस कार्य को कम समय में कर सकेंगी। इस दौरान आईसीडीएस के प्रशिक्षक ने आईसीडीएस द्वारा सेविकाओं को मिले मोबाइल पर पोषण कार्यक्रम लॉगिन कर विस्तार से जानकारी, गर्भवती महिलाएं, छह माह से उपर के बच्चों, तीन च्से छह आयु वर्ष के बच्चों तथा किशोरियों आदि के लिए संचालित पोषण कार्यक्रम के तहत लाभार्थियों के विवरण को पोषण ट्रैकर ऐप पर च्ऑनलाइन करने के बारे में जानकारी दी। गौरतलब है कि अब तक यह कार्य पहले तो दस्तावेजों में होता था। इसके बाद इसको एप पर अपलोड किया जाता था।

### काम को प्रभावी बनाने के लिए विभाग प्रयासरत

अधिकतर वर्कर्स को इस कार्य की जानकारी नहीं थी। महिला एवं बाल विकास विभाग अधिकारी सुलोचना कुंडू ने बताया कि आईसीडीएस से संबंधित सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार व आंगनबाड़ी केंद्रों के कार्य को प्रभावी बनाने के लिए विभागीय स्तर से लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। ट्रैकर नाम के इस एप के उपयोग से आंगनबाड़ी केंद्रों का मूल्यांकन व निगरानी आसान हो गई है। वीसी में बताया कि महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा विकसित, पोषण ट्रैकर ऐपच्सभी आंगनबाड़ी केंद्र, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और लाभुकों की वास्तविक समय की निगरानी और ट्रैकिंग सक्षम बनाता है। यह सरकारी एप गर्भवती महिलाओं, स्तनपान कराने वाली माताओं, बच्चों, किशोर लड़कियों और किशोर लड़कों के लिए, आंगनबाड़ी केंद्रों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और संपूर्ण लाभार्थी प्रबंधन की गतिविधियों का दृश्य प्रदान करता है।

# आत्मनिर्भर भारत का दिया संदेश

- शिविर के समापन पर स्वयंसेवकों को सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद




जींद। एनएसएस शिविर में स्वयंसेवकों को सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

आत्म निर्भर भारत के तहत रा. महिला कालेज पिल्लूखेड़ा की एनएसएस यूनिट द्वारा सात दिवसीय विशेष कैंप अग्रवाल सनातन धर्मशाला पिल्लूखेड़ा में लगाया। कैंप के समापन कार्यक्रम में सामाजिक कार्यकर्ता एवं राजकीय कन्या वमावि बड़ोदा की अंग्रेजी प्रवक्ता सीमा मलिक ने बतौर मुख्यअतिथि शिरकत की। कैंप की अध्यक्षता प्राचार्या डा. तनाशा हुड्डा ने की। एनएसएस पीओ रविंद्र ने कैम्प की गतिविधियों का संचालन करते छात्राओं को लाभप्रद जानकारी दी। प्रवक्ता सीमा मलिक ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के इस शिविर के माध्यम से बच्चों में देश सेवा प्रेम भाव एवं विभिन्न सामाजिक अभियानों जैसे सफाई अभियान, बेटी पढ़ाओ, बेटी बचाओ तथा मानव सेवा से ओतप्रोत गतिविधियों को बढ़ावा देना है। उन्होंने बच्चों को इस प्रकार के आयोजित शिविरों में बढ़चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया तथा इस सेवा योजना से जुड़े लाभों के बारे में बताया। उइस प्रकार की सेवा भावना एवं मानवीय मूल्यों तथा अनुशासन की भावना जागृत करने वाले सेवा योजना कार्यक्रमों में भाग लेकर विद्यार्थी अपने व्यक्तित्व का विकास सुव्यवस्थित एवं सुनियोजित ढंग से कर राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दे सकते हैं।

### आईपीएस जितेंद्र राणा पुलिस मेडल से सम्मानित

**जींद।** जींद में बीईओ रहे मामा किताब सिंह भनवाला के घर आरंभिक शिक्षा हासिल करने वाले डीआईजी जितेंद्र राणा को 75वें गणतंत्र दिवस पर महामहिम राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु द्वारा सराहनीय सेवा के लिए पुलिस मेडल से सम्मानित किया गया। जितेंद्र राणा मूल रूप से पानीपत के गांव कारद के निवासी हैं। पहली से चौथी कक्षा तक की पढ़ाई जींद में मामा किताब सिंह भनवाला के के घर रह कर प्राप्त की और फिर मोतीलाल नेहरू खेलकूदय विद्यालय राई में प्रवेश लेकर 12वीं कक्षा पास की। उसके बाद दिल्ली के सेंट सटिफन कॉलेज से ग्रेजुएशन और जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी से पोस्ट ग्रेजुएशन पास की। वर्ष 2005 में पहले ही प्रयास में जितेंद्र राणा आईपीएस बने और बिहार कैडर मिला। पहली पोस्टिंग बिहार के सासाराम में मिली। बिहार झारखंड की सीमा पर स्थित जमुई जिले के नक्सलियों को ढेर करने पर साल 2016 में महामहिम राष्ट्रपति ने वीरता पुरस्कार से सम्मानित किया। फिलहाल केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल में कार्यरत डीआईजी जितेंद्र राणा इंटरनेशनल इंदिरा गांधी एयरपोर्ट दिल्ली पर अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

# अक्षय की टीम ने मारी बाजी

- राजकीय स्कूल दुर्जनपुर में मानक लेखन प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना




उचाना। मानक लेखन प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले प्रतिभागी। फोटो :हरिभूमि

राजकीय वमावि दुर्जनपुर में स्टैंडर्ड क्लब के तत्वाधान में मानक लेखन प्रतियोगिता हुई। चंडीगढ़ से सुरेश जैन बतौर एसपीओ उपस्थित हुए। जैन ने बताया कि भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा मानक लेखन प्रतियोगिताए, प्रश्नोत्तरी, वाद-विवाद, निबंध लेखन, पोस्टर बनाना,प्रयोगशालाओं व औद्योगिक इकाइयों का एक्सपोजर सहित अन्य गतिविधियां करवाई जाती है। ये गतिविधियां युवा प्रतिभाओं को गुणवता, मानकीकरण की दुनिया में अंतदृर्ष्टि प्रदान करने के लिए डिजाइन की गई हैं। भारतीय मानक ब्यूरो इन गतिविधियों को आयोजित करने के लिए शैक्षणिक संस्थानों को वित्तीय सहायता भी प्रदान की जाती है। विद्यालय में संचालित स्टैंडर्ड क्लब के मेंटर प्रवक्ता रसायन विज्ञान जय भगवान ने बतलाया कि भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) के अधीन एक दूरदर्शी पहल के साथ देश भर के स्कूलों और कॉलेजों में मानक क्लबों का निर्माण करवाया गया है। इस अभिनव प्रयास का उद्देश्य युवा मन में गुणवत्ता, मानकों, वैज्ञानिक स्वभाव पैदा करने का सवार्ेपरि महत्व पैदा करना है। प्रतियोगिता में विज्ञान संकाय कक्षा 11वीं से अक्षय की टीम प्रथम पर रही। विजेता टीम को नकद पुरस्कार दिया गया। प्राचार्य अश्वनी कुमार, रामकुमार मौजूद रहे।



उचाना। शिव धनमल की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### शिव गुरूकुल छातर संस्थापक का जन्मदिवस मनाया

**उचाना।** शिव गुरूकुलम छातर में शिव गुरूकुलम के संस्थापक एवं समाज सेवी शिव धनमल अग्रवाल के 93वां जन्मदिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उपाध्यक्ष मनोज द्वारा कया गया। विद्यालय परिसर में हवन किया गया। सामूहिक नृत्य, नाटक, भाषण, कविता सहित अन्य कार्यक्रम प्रस्तुत किए। प्रधानाचार्य अजीत गौतम ने बताया कि विद्यालय में 400 निर्धन एवं मेधावी विद्यार्थियों को मुफ्त शिक्षा दी जा रही है। लगभग 1500 से अधिक लोगों की आंखों के आप्रेशन मुफ्त करवाए जा चुके है। प्राचार्य ने कहा कि निर्धन, होनहार विद्यार्थी शिक्षा से वंचित न हरे इसके लिए ऐसे विद्यार्थियों को मुफ्त शिक्षा दी जा रही है। इससे जिन विद्यार्थियों के मन में पढ़ाई की ललक है लेकिन वो परिवार की आर्थिक स्थिति सही नहीं होने से पढ़ नहीं पाते है ऐसे विद्यार्थियों को शिव गुरूकुलम छातर मुफ्त शिक्षा दे रहा है ताकि होनहार विद्यार्थी अपने सपने पूरे कर सकें।


# भाजपा के पाप का घड़ा भरा : अंशुल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। पत्रकारों से बातचीत करते कांग्रेस नेता अंशुल सिंगला। फोटो :हरिभूमि

कांग्रेस नेता अंशुल सिंगला ने कहा कि कांग्रेस की जन संदेश यात्रा भाजपा के शासन से दुखी हो चुकी जनता को जागरूक करने का काम कर रही है। भाजपा के पाप का घडा भर चुका है। आने वाला समय कांग्रेस का है। भाजपा के दस साल के शासन काल में काई विकास कार्य नहीं किया। विपक्ष तथा जनता की आवाज को दबाने के लिए ईडी, सीबीआई तथा अन्य एजेंसियों का सहारा ले रही है। जिसके चलते माहोल भयवाह बना हुआ है। एक फरवरी को कांग्रेस की जन संदेश यात्रा जींद में पहुंच रही है। जिसमें कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाल, कांग्रेस नेत्री एव पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी शैलजा तथा विधायक किरण चौधरी शामिल हैं। जो जाट धर्मशाला में जनसभा को सबोधित करेंगे। कहा कि प्रदेश विकास के मामले बहुत पिछड चुका है। कोई वर्ग ऐसा नही है जो भाजपा शासन से परेशान न हो और सड़कों पर ना उतरा हो। अब चुनाव नजदीक हैं। जनता अपना बदला वोट की चोट से लेगी। केंद्र स्तर पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी जनसंदेश यात्रा के माध्यम से लोगों को जागरूक कर रहे हैं। राज्य स्तर पर भी जनसंदेश यात्रा के माध्यम से कांगे्रस नेता लगातार लोगों को जागरूक कर रहे हैं। मयंक गर्ग, ओमप्रकाश बिंदल, राजकुमार सिंगला, विनोद सैनी, बलजीत मोर, नितिन गोयल, सचित मलिक, चांद सैनी समेत अन्य मौजूद थे।



कंप्यूटर सिस्टम की गति व कार्य को बढ़ाने के बारे में जानकारी देते प्राध्यापिका।

### छह दिवसीय संकाय विकास कार्यक्रम आयोजित

**जींद।** हिंदू कन्या महाविद्यालय के कंप्यूटर साइंस विभाग और आइक्यूएसी के संयुक्त तत्वावधान में गैर शिक्षक कर्मियों के लिए छह दिवसीय संकाय विकास कार्यक्त्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दूसरे दिन बुधवार को कंप्यूटर साइंस विभाग की प्राध्यापिका सुनीता ने कंप्यूटर सिस्टम की गति व कार्य को बढ़ाने के बारे में जानकारी दी। सुनीता ने बताया कि कंप्यूटर कार्य क्षमता बनाए रखने के लिए जरुरी है कि ब्राउजर से जैसे कैशे, कुकीज और हिस्ट्री को समय-समय पर मिटाते रहना चाहिए। कंप्यूटर में मौजूद फालतू का डाटा खत्म हो जाता है, इससे कंप्यूटर की प्रोसेसिंग पावर बढ़ जाती है। उन्होंने कई ऐसी ही महत्वपूर्ण टिप्स और ट्रिक बताइए जिससे हम अपने कंप्यूटर को वायरस और स्पीड कम होने की समस्या से बचा सकें। अंत में सभी गैर शिक्षककर्मियों ने उन सभी टिप्स का उपयोग करके कंप्यूटर पर इसका अभ्यास किया।

## नेशनल साम्बो चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक विजेता नूर का स्वागत

# सरकार खेलों को लगातार दे रही बढ़ावाः राजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। नूर को सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

नेशनल साम्बो चैंपियनशीप मे स्वर्ण पदक विजेता नूर गिल के जींद पहुंचने पर भव्य स्वागत किया और बुढाबाबा बस्ती मे सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्यअतिथि के तौर विधायक कृष्ण मिड्ढा के प्रतिनिधी राजन चिल्लाना, जिला खेल अधिकारी कुलदीप रेढ्ढू शामिल हुए। उन्होंने कहा कि लड़कियां किसी भी क्षेत्र मे लडकों से पीछ नही नही है। सरकार लगातार खेलों का बढावा दे रही है। जिसके चलते सभी सुविधा खिलाड़ियों को मिल रही है। साम्बो खिलाडी नूर ने स्वर्ण पदक जीत कर अपने परिवार का ही नही, स्कूल तथा जिले के साथ प्रदेश का भी नाम रोशन किया है। उन्हें खिलाडी नूर की उपलब्धी पर गर्व है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश की पहचान नूर बने यही कामना करते है। उन्होंने खेल कैरियर सवारने के लिए नूर का हर सभव सहायता का आश्वासन दिया। कार्यक्रम से पूर्व नूर के बुधवार सुबह रेलवे जंक्शन पहुचने पर उन्हे डीजे के साथ जलूस की शक्ल मे गुलाल उडाते हुए खुली जीप मे सम्मान समारोह आयोजन स्थल पर लाया गया। जहां पर लोगों ने नूर को आशीर्वाद दिया। काबिलेगौर है कि हाल ही में महाराष्ट्र के औरंगाबाद में साम्बो इंडिया एसोसिएशन एसआईए द्वारा नेशनल साम्बो चैंपियनशिप का आयोजन किया गया था। जिसमें राजकीय कन्या वमावि घिमाना की छात्रा नूर ने 51 किलोग्राम भारवर्ग मे स्वर्ण पदक जीता है।

### ये रहे मौजूद

स्कूल प्राचार्या पूनम गुप्ता ने कहा कि छात्रा नूर ने छोटी सी आयु में अपनी प्रतिभा का परिचय देकर स्कूल व जिले का नाम पूरे प्रदेश व देश में रोशन किया है। इस मौक पर यूथ एजूकेशन सोसायटी के अध्यक्ष रमेश सैनी, सचिव किरण गिल समेत काफी सख्या मे लोग मौजूद थे।



जींद। ईवीएम मशीन की जानकारी देते हुए। फोटो :हरिभूमि

### अपने मत का अवश्य प्रयोग करे : सत्यवान मलिक

**जींद।** राजकीय महाविद्यालय में महाविद्यालय प्राचार्य सत्यवान मलिक की अध्यक्षता में इलेक्ट्रोनिक वोटिंग मशीन को लेकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मतदान के बारे में और एक जिम्मेदार मतदाता कैसे बनें, इसके बारे में जानकारी दी गई। प्राचार्य सत्यवान मलिक ने कहा [illegible] से लोग मतदान करना चाहते हैं लेकिन बहुत से लोगों को इसकी आवश्यकता और इसे डालने के तरीके के बारे में जानकारी नहीं होती है। इलेक्ट्रोनिक वोटिंग मशीन इलेक्ट्रोनिक साधनों का प्रयोग करते हुए वोट डालने या वोटों की गिनती करने के कार्य को करने में सहायता करती है। ईवीएम को दो यूनिटों से तैयार किया गया है। कंट्रोल यूनिट और बैलट यूनिट। इन यूनिटों को केबल से एक दूसरे से कैसे जोड़ा गया है इसे विस्तृत तौर पर बताया गया। अधिवक्ता देवराज मलिक ने एसिड हमलों के पीड़ितों के मामले में शामिल कानूनीताओं के साथ-साथ लोकतंत्र में व्यक्तिगत मतदान की भूमिका के बारे में बताया जबकि मास्टर ट्रेनर डा. सूरजमल ने वोटिंग मशीन की कार्य प्रणाली के बारे में बताया। इस मौके पर महाविद्यालय के शिक्षण और गैर शिक्षण कर्मचारी एवं छात्र मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### पानी की निकासी को लेकर ग्रामीण परेशान

**गुहला-चीका।** उपमण्डल के गांव चाबा मे पानी निकासी के लिए बिछाई पाइप लाइन बन्द होने से निकासी बन्द हो गई है, जिसके चलते लोगों का गांव की फिरनी से आना जाना बहुत मुश्किल हो रहा है। गांव निवासी भगवान सिंह, ध्यान सिंह व लक्खा सिंह ने बताया कि सरकार ने गांव में निकासी के लिए बिछाई लाइन पर लाखों रुपये खर्च किए है।

### ठगी का आरोपी दो दिन के पुलिस रिमांड पर

**कैथल।** पुलिस में नौकरी लगवाने के नाम पर 7 लाख रुपये ठगने के मामले की जांच थाना राजौंद पुलिस के एएसआई जगबीर सिंह की टीम द्वारा करते हुए जिला हिसार के गांव चमार खेड़ा निवासी आरोपी रमेश कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गांव कोटड़ा निवासी ज्योति की शिकायत अनुसार वह कॉलेज में पढ़ाई कर रही है।

### अयोध्या में चल रहे भंडारे के लिए लोग दे रहे सहयोग

**गुहला-चीका।** अयोध्या में भगवान श्रीराम की मूर्ति की हुई प्राण प्रतिष्ठा से ही समूचे कैथल जिला की ओर से राम भक्तों द्वारा शुरू किया गया भंडारा निरंतर जारी है। यह जानकारी देते हुए गुहला से गए राम भक्तों का नेतृत्व कर रहे सूरजभान शर्मा पप्पा ने अयोध्या से ही जारी किए गए एक ब्यान में बताया कि अयोध्या में राम भक्तों की निरंतर भीड़ को देखते हुए एक ओर भंडारा शुरू किया गया है।

### सरकार ने स्कूलों को बाड़ा बना दिया : ढांडा

**राजौंद।** आम आदमी पार्टी के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट अनुराग ढांडा बुधवार को महिला कॉलेज बनाने को लेकर राजौंद में चल रहे धरने को समर्थन देने पहुंचे। दौरान उनके साथ गज्जन सिंह, कृष्णानंद, सोनिया शर्मा, कविता ढांडा, राजीव ढुल, सतबीर गोयत, गेहल सिंह संधू और नीरज शर्मा मौजूद रहे।

### गायत्री मंत्र एक शक्तिशाली मंत्रः शर्मा

**पूंडरी।** पूंडरी के सनातन धर्म शिव मंदिर में चल रहे गायत्री महायज्ञ एवं माघ माहात्म्य के पांचवें दिन मुख्य यजमान के रूप में घनश्याम कांगर, संतोष कांगर व सोनिया कांगर ने भाग लिया। यज्ञ के ब्रह्मा आचार्य मानसू शर्मा ने मां गायत्री की महिमा का वर्णन करते कहा कि गायत्री का जप ईश्वर-चेतना की ओर जाने के सबसे शक्तिशाली तरीकों में से एक है। यह एक शक्तिशाली मंत्र है, जो बुद्धि को शुद्ध करता है और ज्ञान प्रदान करता है। मन को जागृत करता है।

### बाइक चोरी मामले में वांछित गिरफ्तार

**कैथल।** बाइक चोरी के अलग अलग 2 मामलों की जांच थाना ढांड पुलिस के एचसी जयभगवान सिंह की टीम द्वारा करते हुए आरोपी जिला कुरुक्षेत्र के गांव किरमच निवासी दीपक को नियमानुसार गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि रघबीर निवासी चुहड़माजरा की शिकायत अनुसार 15 अप्रैल 2023 की रात उसके घर से अज्ञात व्यक्ति उसकी बाइक चुरा ले गया।

### गाड़ी से चावल चोरी का आरोपित दबोचा

**कैथल।** गाड़ी से चावल चोरी मामले की जांच चौकी अनाज मंडी पुलिस के एएसआई जयपाल की टीम द्वारा करते हुए आरोपी पटेल नगर कैथल निवासी तिलक को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि चीका निवासी विजय कुमार की शिकायत अनुसार 17 जनवरी को जीन्द रोड़ कैथल स्थित सीडब्ल्यूसी चावल गोदाम के बाहर खड़ी गाड़ी से किसी अज्ञात आरोपी ने 30 कट्टे चावल चोरी कर लिए थे।

### ओवरलोडिड वाहनों ने किया लोगों को दुःखी

**राजौंद।** नगर में ओवर लोडिंग गुजरने वाले वाहनों ने लोगों को परेशान कर रखा है। जब यह वाहन सड़क मार्ग से गुजरते है तो सामने से आने वाला कोई भी वाहन सड़क से नहीं गुजर सकता। जिससे दुर्घटना होने का भय बना रहता है। नगर के लोगों ने कई बार पुलिस प्रशासन को भी अवगत करवाया लेकिन पुलिस प्रशासन ने भी इस ओर कोई कार्रवाई नहीं की।

## ठेकेदार-मजदूरों ने काम बंद कर हड़ताल पर जाने का किया ऐलान

# मिट्टी के काम को माइनिंग से बाहर करने की मांग उठाई

बोले: राज्यभर में सरकारी हो या प्राइवेट नहीं करेंगे कोई भी मिट्टी का काम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कैथल



कैथल। जाट धर्मशाला में एकत्रित मिट्टी का काम करने वाले ठेकेदार। फोटो : हरिभूमि

राज्यभर के मिट्टी का काम करने वाले ठेकेदारों और मजदूरों ने खेत से मिट्टी ढुलाई करने के काम को माइनिंग विभाग व ज्यूलोजी विभाग से बाहर करने की मांग को लेकर कैथल जाट धर्मशाला में बैठक की। ऑल हरियाणा अर्थ मुर्वस एसोसिएशन के बैनर तले हुई बैठक में उन्होंने कहा कि वे अपनी मांग को लेकर कई जिलों में धरने प्रदर्शन कर चुके हैं। लेकिन सरकार उनकी मांग नहीं मान रही है।

सरकार की अनदेखी के चलते उन्होंने आज फैसला लिया है कि वे वृहस्पतिवार से मिट्टी के सभी काम बंद कर हड़ताल पर चले जाएंगे। कैथल में हुई राज्य स्तरीय बैठक को संबोधित करते हुए प्रधान जिले सिंह प्रजापत ने कहा कि राज्यभर के मिट्टद्दी का काम करने वाले ठेकेदार कल से मिट्टी का कार्य नहीं करेंगे। वह काम चाहे सरकारी हो या फिर प्राइवेट। बैठक में बोलते हुए जिले सिंह प्रजापति ने कहा कि जब से मिटटी के कार्य को माईनिंग विभाग के अर्न्तगत लाया गया है। उसके बाद जिन किसानों के खेत उंचे नीचे हैं। उन्हें विभाग के नियमों के अर्न्तगत अपने खेतों को समतल करने के लिये भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। संजीव शर्मा कुराड़ व रामफल ने कहा कि जेसीबी मशीन व ट्रैक्टर ट्राली से जो लोग मिट्टी का कार्य कर रहे हैं सरकार ने उनका रोजगार छीनने के लिए एनजीटी के नियमों में बदलाव किया है, जिसमे मिट्टी का कार्य करने के लिए अब उन्हें माइनिंग विभाग से एन.ओ.सी लेनी अनिवार्य कर दी है।

विभाग के द्वारा निर्धारित नियमों का पालन ना करने पर उनके उपर दो लाख रुपए से शुरू होकर पाँच लाख रुपए, दस लाख रुपए व बीस लाख रुपए तक जुमार्ना किया जाता है। इसको भरना उनके लिए असभंव है। उनकी मांग है कि गरीब किसान, मिटटी के कार्य से जुड़े गरीब परिवार व जेसीबी ट्रैक्टर, हाईवा से मिट्टी ढुलाई करके अपनी रोजी रोटी चलाने वाले लोगों की दयनीय स्थिति को देखते हुए मिट्टी को माईनिंग विभाग से बाहर किया जाए। इस मौके पर उनके साथ हिसार, करनाल, रोहतक, जींद, कैथल के कर्मजीत ढांडा, राजवीर शिमला, रणदीप चहल आदि ने बैठक में भाग लिया।

# पदक विजेताओं का सम्मान

- जाट कॉलेज की छात्रा बुलबुल व मोनिया ने कबड्डी में बढ़ाया मान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कैथल



कैथल। अव्वल रही छात्राओं को सम्मानित करते पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

जाट कॉलेज प्राचार्य डॉक्टर दिनेश ढिल्लो ने मीडिया से बात करते बताया कि काशी यूनिवर्सिटी तलवंडी साबो में नॉर्थ जोन /ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी कबड्डी चैंपियनशिप (लड़किया)2024 का आयोजन हुआ। छह दिन चले नॉर्थ जोनल में 40 टीमों ने भाग लिया। इसमें से कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी कुरुक्षेत्र ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके एक दिन बाद ऑल इंडिया इन्टर यूनिवर्सिटी का आयोजन भी काशी यूनिवर्सिटी तलवंडी साबो में हुआ। इस प्रतियोगिता में 16 टीमों ने भाग लिया। ऑल इंडिया इन्टर यूनिवर्सिटी प्रतियोगिता में कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी कुरुक्षेत्र ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी की टीम में हमारे जाट कॉलेज कैथल की दो छात्राओं मोनिया व बुलबुल ने भाग लेते टीम को विजय दिलाने में अहम योगदान दिया। विजेता खिलाड़ियों का कॉलेज पहुंचने पर नव नियुक्त प्रशासक जाट हाई स्कूल सोसाईटी चन्द्रशेखर सहारण व कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर दिनेश ढिल्लो, शारीरिक शिक्षा विभाग, समस्त स्टाफ सदस्यों ने फूल माला डालकर स्वागत किया। स्कूल सोसाईटी व कॉलेज प्राचार्य ने विजेता खिलाड़ियों व शारीरिक शिक्षा विभाग को बधाई दी।



### जिला शिक्षा अधिकारी को सेवानिवृत्ति पर दी विदाई पार्टी

**कैथल।** जिला शिक्षा अधिकारी रविंद्र चौधरी की सेवानिवृत्ति पर उन्हें विदाई पार्टी दी गई। रविंद्र ने कहा कि कि मैं अपने जीवन में छोटे से छोटे कर्मचारियों से भी कुछ ना कुछ सीखा है। हमेशा आदमी को सीखते रहना चाहिए। सीखने की कोई उम्र नहीं होती कोई भी पद छोटा बड़ा नहीं होता। उन्होंने सभी कर्मचारियों का धन्यवाद करते हुए कहा कि आप सभी के सहयोग से ही मेरा कार्यकाल बहुत ही शानदार रहा। इस अवसर पर शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के प्रिंसिपल सुभाष वर्मा जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सुमित्रा, जिला परियोजना अधिकारी सुरेंद्र कुमार आर्य, खंड शिक्षा अधिकारी डॉ नरेश कुमार, जिला गणित विशेषज्ञ सुशील कुमार, अधीक्षक सुरेश कौशिक, जिला सहायक परियोजना संयोजक कुशल कुमार आदि वक्ताओं ने कहा कि जिला शिक्षा अधिकारी रविंद्र चौधरी ने हमेशा बड़े से बड़े काम को आसानी से करने के अनेक तरीके बताएं जिससे कार्य को करने में हमेशा सुविधा रही।

### छात्रों को नशा न करने बारे में किया जागरूक

**कैथल।** पुलिस टीम द्वारा कैथल जिले में आमजन को नशे के दुष्परिणामों बारे लगातार जागरूक किया जा रहा है। इसी मुहिम तहत बुधवार को जागरूकता टीम में शामिल इंस्पेक्टर सतीश कुमार, पीएसआई रामलाल, एचसी सुखबीर सिंह, एचसी सुनील कुमार व चालक संजय दत्त की टीम द्वारा प्योदा स्कूल, चीका अनाज मंडी, हनुमान वाटिका कैथल में आमजन सहित स्कूली विद्यार्थियों को नशा ना करने बारे जागरूक किया गया। इस दौरान पुलिस टीम द्वारा अनाज मंडी चीका में एक क्रिकेट मैच का भी आयोजन करवाया गया। डीएसपी कुलदीप बेनीवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस टीम द्वारा लगातार आमजन को अवगत करवाया जा रहा है कि नशा किसी भी व्यक्ति के लिए किसी प्रकार से हितकारी नहीं हो सकता।

### इलाज के लिए आर्थिक सहायता लेने की प्रक्रिया सरल : पंवार

**कैथल।** डीसी प्रशांत पंवार ने बताया कि हरियाणा सरकार ने लोगों को बेहतरीन स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने की कड़ी में एक और कदम बढ़ाते मुख्यमंत्री राहत कोष के तहत चिकित्सा आधार पर वित्तीय सहायता प्राप्त करने वालों को सरल पोर्टल पर सुविधा प्रदान की है। इससे यह प्रक्रिया और अधिक सरल एवं आसान हो गयी है। डीसी प्रशांत पंवार ने आर्थिक सहायता के लिए प्रार्थी आवेदक सरल पोर्टल के माध्यम से सुविधा का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। मुख्यमंत्री राहत कोष से मिलने वाली आर्थिक सहायता की राशि सीधे आवेदक या लाभार्थी के बैंक खाते में ट्रांसफर की जाएगी। उन्होंने बताया कि अपनी पीपीपी यानी परिवार पहचान पत्र आईडी के माध्यम से सरल पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं। इस प्रक्रिया को पूर्ण करने के लिए आवेदकों को अपने चिकित्सा बिल, ओपीडी बिल आदि जैसे अन्य संबंधित दस्तावेजों को अपलोड कर मुख्यमंत्री राहत कोष (सीएमआरएफ) से चिकित्सा आधार पर वित्तीय सहायता के लिए आवेदन कर सकते हैं।

# शिवम गणतंत्र दिवस की आरडीसी परेड में लेगा भाग

- गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर प्रतिभावान कैडेट का चयन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| ढांड



ढांड। कैडेट शिवम परेड के दौरान। फोटो : हरिभूमि

बाबू अनन्त राम जनता महाविद्यालय कौल के प्राचार्य डॉ. ऋषिपाल ने बताया कि कॉलेज परिवार के लिए गर्व की बात है कि गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर प्रतिभावान कैडेट शिवम शर्मा बी.ए. द्वितीय वर्ष का चयन 10 हरियाणा बटालियन, कुरुक्षेत्र में अंबाला ग्रुप के अन्तर्गत पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और चंडीगढ़ डायरेक्ट्रेट के द्वारा गणतंत्र दिवस शिविर 2024 (आरडीसी) के लिए हुआ, जिसमें उसने अपनी सफल उपस्थिति दर्ज की है। उन्होंने बताया कि उसका चयन 17 कठिन परीक्षाओं के उपरांत आरडीसी 2024 के लिए हुआ है। प्राचार्य ने खुशी व्यक्त करते कहा कि हमारे कॉलेज इतिहास में लगभग 43 वर्षों के उपरांत दूसरी बार गणतंत्र दिवस शिविर में शिवम शर्मा ने राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व करके माता-पिता, अपने गांव कौल व कॉलेज का नाम रोशन किया है। डॉ. ऋषिपाल ने कहा कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कॉलेजों की एनसीसी विंग में केवल दो छात्रों का चयन उक्त शिविर के लिए हुआ है जिनमें शिवम शर्मा एक है। समस्त हरियाणा में से 29 कैडेट का चयन हुआ है। उन्होंने जानकारी देते यह भी कहा कि समस्त भारत देश के 12 लाख एनसीसी कैडेट्स में से 2000 कैडेट आरडीसी 2024 में चयनित हुए हैं। शिवम शर्मा से मिली जानकारी के अनुसार प्राचार्य डॉ. ऋषिपाल ने बताया कि इस कैम्प के दौरान वह चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ मनोज पांडे से मिलने व उनके साथ भोजन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। इतना ही नहीं खुशी इस बात की भी है कि कैम्प के दौरान शिवम शर्मा की भेंट यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी हुई। साथ ही शिवम शर्मा को कैंप के दौरान दिल्ली दर्शन करने का भी सुअवसर प्राप्त हुआ। शिवम शर्मा विगत सात महीनों से अलग-अलग कैंपों में हिस्सा लेकर कठोर मेहनत कर रहा था, तदुपरांत उसको आरडीसी व प्रधानमंत्री रैली 2024 में जाने का मौका मिला।



### संदेश यात्रा को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक

**पूंडरी।** हरियाणा प्रदेश में पूर्व कैबिनेट मंत्री कुमारी शैलजा के नेतृत्व में निकाली जा रही संदेश यात्रा को लेकर के पूंडरी कांग्रेस कार्यकताअरं की बैठक हुई। इसमें मुख्य रूप से कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सतबीर भाणा ने भाग लिया। बैठक में कुमारी शैलजा द्वारा प्रदेश में निकाली जा रही संदेश यात्रा के 4 फरवरी को ढांड में पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया जाएगा व कार्यकताअरं को पार्टी संदेश से अवगत करवाया जाएगा। भाणा ने कहा कि इस यात्रा से प्रदेश की राजनीति में परिवर्तन आएगा, क्योंकि इस यात्रा का नेतृत्व प्रदेश के मुख्य कांग्रेस नेता राष्ट्रीय महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला, कुमारी शैलजा व किरण चौधरी कर रही हैं। प्रदेश की जनता भी वर्तमान भाजपा सरकार से पूरी तरह से दुखी हो चुकी है और चुनाव की बाट जोह रही है। आए दिन प्रदेश के किसान, मजदूर, व्यापारी व कर्मचारी अपने हितों की लड़ाई लड़ने के लिए सड़कों पर उतरने को मजबूर है। लेकिन गठबंधन की गूंगी बहरी सरकार को लोगों की परेशानी नजर नहीं आ रही है। सरकार को जगाने के लिए ही कांग्रेस नेताओं के द्वारा यात्राएं निकाली जा रही हैं। ताकि वह नींद से जागकर जनता की भी शुद्ध ले। इस मौके पर काफी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता भी मौजूद थे।



### प्रिंसिपल डॉ. शशी 37 वर्ष के कार्यकाल के बाद सेवानिवृत्त

**पूंडरी।** चौधरी ईश्वर सिंह कन्या महाविद्यालय पूंडरी की प्रिंसिपल डा. शशी किरण अपने 37 वर्ष के कार्यकाल के बाद सेवानिवृत्त हो गई। इस अवसर पर कॉलेज के स्टाफ द्वारा उनके सम्मान में विदाई पार्टी का आयोजन किया गया। जिसमें कालेज के स्टाफ द्वारा उन्हें स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर कॉलेज के टीचिंग स्टाफ द्वारा उनके साथ बिताए गए अपने अनुभव साझा किए गए। डा. शशी किरण ने कहा की चौधरी ईश्वर सिंह कन्या महाविद्यालय उनकी कम स्थली रहा है। जिसे उन्होंने अपने खून पसीने से सींचा है। जीवन की बहुत से यादें कॉलेज के साथ जुड़ी हुई है। अपने कार्यकाल के दौरान बहुत से खट्टे और मीठे अनुभव भी रहे है। कार्यक्रम में पूरे कॉलेज के टीचिंग, नान टीचिंग, प्रबंधक समिति सदस्य व प्रिंसिपल के पारिवारिक सदस्यों ने भाग लिया। इस मौके पर उनके पुत्र अमन चौधरी ने कार्यक्रम में संबोधित करते हुए कहा कि उनकी माता ने सदैव अपने कार्य को प्राथमिकता दी है। वे अपने टीचिंग और प्रिंसिपल के कार्य के प्रति पूरी निष्ठा भाव, समर्पण, ईमानदारी से लगी रहती थी। घर में होने के बावजूद भी उन्हें संस्थान और कॉलेज की चिंता बनी रहती थी। उन्हें गर्व होता है

### सूर्यनमस्कार महाभियान का आयोजन आज से

**कैथल।** हर घर परिवार-सूर्य नमस्कार महाभियान का आयोजन 01 फरवरी से समस्त हरियाणा में किया जाना तय हुआ है। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी कैथल ने बताया कि कैथल जिले में हर घर परिवार सूर्य नमस्कार अभियान की शुरूआत 01 फरवरी से जाट कॉलेज कैथल से किया जाना है, जिसमें आयुष विभाग में कार्यरत आयुष योग सहायक, योग क्षेत्र में कार्य करने वाली योग संस्थाओं पतंजलि योग समिति, भारत स्वाभिमान, युवा भारत, भारतीय योग संस्थान, आर्ट ऑफ लिविंग के सभी अधिकारियों के साथ मिलकर सूर्य नमस्कार महाभियान की शुरूआत करेंगे। आयुष विभाग ने वर्ष 2023 में सूर्य नमस्कार अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लिया था। हर घर परिवार, सूर्य नमस्कार का जो लक्ष्य है।

# नप चेयरपर्सन ने तोरण द्वार का किया शिलान्यास

- 24 फीट ऊंचा बनने वाले इस तोरण द्वार पर 33 लाख की राशि खर्च होगी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कैथल



कैथल। नगर परिषद चेयरपर्सन सुरभि गर्ग बाबा खाटू श्याम तोरण द्वार का शिलान्यास करते हुए। फोटो : हरिभूमि

जींद मार्ग पर प्यौदा रोड के नजदीक बाबा खाटू श्याम तोरण द्वार बनेगा। 24 फीट ऊंचा बनने वाले इस तोरण द्वार पर 33 लाख रुपये की राशि खर्च होगी। बुधवार को नगर परिषद चेयरपर्सन ने भूमि पूजन कर इसका शिलान्यास किया। अगले दो माह में यह बनकर तैयार हो जाएगा। बाबा श्याम भक्त भजन गायक कन्हैया मित्तल ने भी इस तोरण द्वार के शिलान्यास पर नगर परिषद चेयरपर्सन सुरभि गर्ग, सुरेश गर्ग नौच, युवा नेता मोहित गुज्जर सहित सभी पार्षदों व शहरवासियों को बधाई दी। नगर परिषद चेयरपर्सन सुरभि गर्ग ने बताया बाबा खाटू श्याम तोरण द्वार जींद रोड पर बनकर तैयार होगा। मार्च माह तक यह द्वार बनकर तैयार हो जाएगा। इस द्वार की डीपीआर तैयार हो चुकी है। सिसला धाम से करीब 14 किलोमीटर दूर यह द्वार बनाया जा रहा है। इस द्वार से सिसला धाम के लिए श्याम भक्त यात्रा की शुरूआत कर सकेंगे। इसका आज भूमि पूजन किया गया है। इस द्वार के बनने से लोगों में काफी उत्साह है। शहर के प्यौदा रोड के नजदीक यह बाबा खाटू श्याम तोरण द्वार बनाया गया है, जो बाबा श्याम की नगरी सिसला धाम से करीब 14 किलोमीटर दूर है। इस द्वार के बनने के बाद श्याम भक्त यहां से सिसला धाम के लिए यात्रा शुरू कर सकेंगे। कैथल शहर में भी बाबा श्याम के दो मंदिर है। इन मंदिरों तक शोभायात्रा निकालने के लिए भी भक्त यहां से शुरूआत कर सकेंगे। बाबा खाटू श्याम के भक्तों में इस द्वार को लेकर काफी उत्साह का माहौल बना हुआ है। द्वार के शिलान्यास के दौरान एक कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। इसमें प्रसाद वितरण भी किया गया। इस अवसर पर इस मौके पर भाजपा नेता सुरेश गर्ग नौच , युवा नेता मोहित जी, श्याम बंसल जी, मोंटी खुरानिया, जयदेव गुप्ता, पवन मित्तल, पंकज मित्तल, सीमा देवी, सुभाष गोयल, सचिन मित्तल , राजेश बंसल , रामकुमार नैन, दीपक शर्मा जी, राजेश भट्ट जी, प्रवेश शर्मा, वीरेंद्र बतरा, रजत थरेजा , लीलू सेनी आदि मौजूद रहे।

## जिले के 7वें व राज्य के 168वें बाल सलाह परामर्श व कल्याण केंद्र की स्थापना

# कोई भी परीक्षा अंतिम नहीं होतीः अनिल मलिक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कैथल



कैथल। अनिल मलिक जवाहर नवोदय विद्यालय विद्यार्थियों को संबोधित करते।

हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की राज्य स्तरीय परियोजना बाल सलाह परामर्श व कल्याण केंद्रों की स्थापना के अंतर्गत पीएम स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय तीतरम में जिले के 7वें तथा राज्य के 168वें बाल सलाह परामर्श व कल्याण केंद्र की स्थापना करते मंडलीय बाल कल्याण अधिकारी रोहतक एवं राज्य नोडल अधिकारी अनिल मलिक ने कहा कि किशोर मन चंचल होता है अनुभव की कमी से सही और गलत का ज्ञान नहीं होता मनोवैज्ञानिक परामर्श सेवाएं मन की बातें व भावनाएं साझा करने के अवसर प्रदान करती हैं। भावनात्मक अभिव्यक्ति उन भावनाओं की स्वीकृति है जिन्हें हम महसूस करने के लिए पैदा हुए हैं गुस्सा, उदासी, डर, आश्चर्य, आनंद इनको पहचानने में सक्षम होना चाहिए इस अवसर पर भावनाओं को साँझा करने से तनाव प्रबंधन : दुर्व्यवहार से सुरक्षा के लिए मनोवैज्ञानिक सुझाव विषय पर आयोजित सेमिनार को मुख्य वक्ता के तौर पर संबोधित करते अनिल मलिक ने कहा कि आसपास के घटनाक्रम, हालात के मद्दे नजर जरूरत है माइंडफुल रहने की इसके लिए जरूरी है विचारों, भावनाओं, शारीरिक संवेदनाओं और आसपास के घटनाक्रम पर ध्यान देने की परीक्षा का समय नजदीक आ रहा है आप किशोरो में किसी भी तरह की नकारात्मकता नहीं बढ़ानी चाहिए अन्यथा तनाव बढ़ने लगेगा जिससे चिंता, बेचैनी, घरणा, चिड़चिड़ापन, ध्यान केंद्रित करने में कठिनाई महसूस होगी तनाव का बेहतर प्रबंधन करना सीखना होगा क्योंकि अवसाद की स्थिति बढ़ने से किशोर युवा जीवन लीला भी समाप्त कर रहे हैं सबसे बड़ा कारण मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं हैं तत्पश्चात नकारात्मक दर्दनाक परिचित मुद्दे तथा शैक्षिक तनाव जैसे कारण सामने आए हैं एक बात दृढ़ता से समझ लेनी है जीवन रहेगा तो संभावनाएं बनी रहेगी कई बार कोई बच्चा निराशा, उदासी, अकेलापन और आत्मघाती विचारों से घेरा होते हैं ऐसे में मनोवैज्ञानिक परामर्श की आवश्यकता बिना झिझक, संकोच किसी व्यक्ति से मदद जरूर लें प्रत्येक जीवन अनमोल है कोई भी परीक्षा अंतिम नहीं होती इसी तरह से हासिल परिणाम हमेशा एक से नहीं रहते बेहतर और बेहतर प्रयास बेहतर और बेहतर परिणाम तनाव प्रबंधन व मानसिक भलाई हेतु चाहिए।




### राजकीय कन्या वमावि में युवा संसद कार्यक्रम

**पूंडरी।** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल पूंडरी में कमिश्नरी स्तरीय युवा संसद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम स्कर्ट गुरुग्राम द्वारा आयोजित करवाया गया। स्कूल की छात्रा कुमारी भावना ने प्रधानमंत्री, प्राची ने स्पीकर, हरप्रीत ने विपक्ष की भूमिका निभाई। कार्यक्रम में वरिष्ठ प्रवक्ता विद्याधन ने आब्जर्वर और राजेंद्र व यशवीर ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला परिषद उपाध्यक्ष कर्मवीर कौल, जिला पार्षद जितेंद्र टाया व मुनीश शर्मा ने भाग लिया। संसद में महिला आरक्षण बिल पास किया गया। मुख्य अतिथि कर्मवीर कौल व जिला पार्षद मुनीश शर्मा ने कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए कहा कि युवा किसी भी देश का भविष्य होते है। आज के बच्चे ही आगे चलकर अच्छे राजनेता भी बन सकते है। डाइट प्रिंसिपल डा. सुभाष वर्मा ने बच्चों को आशीर्वाद दिया। मौके पर राजकुमार, प्रधानाचार्य धर्मसिंह मोहना ने बताया कि युवा संसद का उद्देश्य बच्चों में लोकतांत्रिक मूल्यों की समझ पैदा करना है। इस मौके पर सरपंच लाभ सिंह, महिपाल मोहना, रवि वोहरा, निधि मोहन, अशोक शर्मा, बाबू राम व राजकुमार भार्गव ने भाग लिया।

## खबर संक्षेप


जींद। अवैध निर्माण को जेसीबी की सहायता से गिराते हुए।

### अवैध रूप से विकसित तीन कॉलोनियों पर चला पीला पंजा

**जींद।** जिला नगर योजनाकार विभाग ने नरवाना में अवैध रूप से विकसित की जा रही तीन कालोनियों पर जेसीबी के साथ यहां छह दुकानों, रोड नेटवर्क और कच्चे रास्ते को उखाड़ने का काम किया। विभागीय कार्रवाई के दौरान पुलिस बल मौजूद रहा तो ड्यूटी मजिस्ट्रेट के तौर पर डीटीपी अमित मंढोलिया और उनके साथ जेई जसबीर भी मौजूद रहे। अब आठ फरवरी को जींद, 13 फरवरी को नरवाना, 22 फरवरी को दोबारा से जींद और 28 फरवरी को उचाना में अवैध निर्माण हटाया जाएगा।

### सोलर पंप का गलत तरीके से उपयोग, केस

**कैथल।** डीसी प्रशांत पंवार ने बताया कि हरियाणा सरकार के नवीन एंव नवीकरणीय उर्जा विभाग द्वारा अनुदान पर दिये गये सोलर पंप को उखाड़ने, किसी अन्य को बेचने, किसी दूसरी जगह पर लगाने तथा कृषि सिंचाई की बजाय सोलर पंप को अन्य तरीके से उपयोग करने पर एफआईआर दर्ज करवाई जाएगी तथा सब्सिडी भी वापिस ली जाएगी। डीसी प्रशांत पंवार ने बताया कि ने बताया कि जिला में सोलर पंप का गलत तरीके से उपयोग करने की शिकायतें मिलने पर कार्रवाई की।

### पटवारियों ने दो दिन और बढ़ाई हड़ताल

**कैथल।** पे-ग्रेड की वेतन विसंगति दूर करने की मांग को लेकर जिलाभर के पटवारियों ने दिनभर नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया। सरकार द्वारा सुनवाई न होने से खफा पटवारियों ने हड़ताल दो दिन और बढ़ा दी है। वहीं सरकार ने दो फरवरी को फिर से बातचीत करने का न्योता दिया है। पटवारियों का कहना है कि जब तक उनकी मांग पूरी नहीं होती विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा।

### स्वामी शंकरानंद दो से करेंगे श्रीमद्भागवत कथा

**सफीदों।** भक्ति योग आश्रम सरनाखेड़ी के तत्वावधान में महाभारतकालीन ऐतिहासिक नगरी सफीदों के नागक्षेत्र तीर्थ के मंदिर हाल में आगामी 2 फरवरी से श्रीमद् भागवत अमृत कथा सप्ताह का शुभारंभ होगा। इस अमृत कथा सप्ताह में व्यास पीठ से स्वामी डा. शंकरानंद सरस्वती महाराज अपनी सरल व मधुर वाणी में कथामृत की वर्षा करेंगे। यह कथा दो फरवरी से प्रारंभ होकर आगामी 8 फरवरी तक प्रतिदिन दोपहर दो बजे से सांय पांच बजे तक होगी। 9 फरवरी को अमावस्या के दिन प्रातः 9 बजे से हवन व भंडारे का आयोजन होगा।

# पूंडरी की बेटी प्रियंका का असिस्टेंट जियोलॉजिस्ट पद पर हुआ चयन

अश्वनी खुराना ▶▶| पूंडरी

केयू जियोलॉजी विभाग की छात्रा प्रियंका का चयन यूपीपीएससी के माध्यम से असिस्टेंट जियोलॉजिस्ट पद पर हुआ है। पूंडरी निवासी छात्रा की उपलब्धि पर जहां पूरे हल्के में खुशी का माहौल है तो वहीं उनके घर बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। प्रियंका के पिता ध्रुप उर्फ काका सैनी व माता सुदेश सैनी ने बताया कि उनकी बेटी की उपलब्धि से वे बहुत खुश हैं और बेटी ने उनका सिर गर्व से ऊंचा किया है। उधर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने भी दी छात्रा प्रियंका को बधाई एवं भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।


पूंडरी। प्रियंका का मुंह मिठा करवाते उसके बड़े पापा-मम्मी के साथ माता-पिता।

प्रियंका ने बताया कि उन्होंने अपना अधिकतम समय पढ़ाई को दिया क्योंकि पढ़ाई ही जीवन का आधार होता है, इसी उद्देश्य को सामने रखते हुए और लक्ष्य निर्धारित करते हुए इस मुकाम तक पहुंचे हैं, जिसके पीछे उनके पिता की मेहनत, माता का सहयोग और अध्यापकों का आशीर्वाद समय-समय पर मिलता रहा है। इस मौके पर प्रियंका के भाई अरूण सैनी व सचिन सैनी भी मौजूद रहे। प्रियंका ने बताया कि उनका और उनके बड़े पापा-मम्मी के साथ-साथ उनके माता-पिता का सपना है कि वह यूपीएसई का पेपर क्लीअर करे, जिसके लिए वह तैयारी भी कर रही हैं। प्रियंका ने बताया कि वे पढ़ाई के साथ-साथ घरेलू कार्यों में भी अपनी माता का हाथ बँटवाती थी परंतु मां ने मेरी पढ़ाई को कभी छुटने नहीं दिया और हर समय पढ़ाई पर ध्यान देने के लिए प्रेरित किया।

#### 3 भाई-बहन में प्रियंका है सबसे बड़ी

प्रियंका के पिता ध्रुरप सैनी उर्फ काका सैनी ने बताया कि उनके 2 बेटी व एक बेटा है। प्रियंका सबसे बड़ी बेटी है और प्रियंका ने 10 वीं तक की पढ़ाई बी.पी.आर. स्कूल पूंडरी, 11वीं व 12 वीं की पढ़ाई डीएवी पूंडरी से की और बाकी की पढ़ाई कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय से की है। छोटी बेटी प्रियंका से 2 साल छोटी हैं जोकि पीएचडी कर रही हैं और बेटा बीसीए. कम्प्लीट करने के बाद एमसीए कर रहा है। उन्होंने बताया कि उन्होंने अपने बच्चों की पढ़ाई के लिए कभी खर्चे की कोई परवाह नहीं की, चाहे उनके पास पैसे की कितनी भी दिक्कत रही हो।

#### बेटा-बेटी में कोई फर्क नहीं

प्रियंका के बड़े पापा भूप सिंह सैनी व बड़ी मम्मी कमलेश सैनी ने कहा कि आज उनकी बेटी ने जो अचीवमेंट प्राप्त की है, उसको देखकर यही कहेंगे कि बेटा-बेटी में कोई फर्क नहीं है, सभी लोगों को बेटा और बेटियों को आगे पढ़ने के बराबर अवसर देने चाहिए। उन्होंने कहा कि बेटियां भी आसमान छूने का दम रखती हैं इसलिए उन्हें आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करते रहना चाहिए। उनकी बेटी उनके लिए गौरव है।

#### पूपीएसई का पेपर क्लीअर करना का है सपना : प्रियंका

प्रियंका ने बताया कि उन्होंने पढ़ाई पूरी करने के पश्चात बैंक में भी नौकरी की, लेकिन 9 महीने नौकरी करने के पश्चात उन्होंने ठाना की उन्हें कुछ बड़ा करना है, उसके पश्चात उसकी माइनिंग में इस्पैक्टर के तौर पर सलैक्शन हुई पर उसे इस नौकरी करने में मजा नहीं आया। 2023 में उसने यूपीपीएससी का पेपर दिया और 23 जनवरी 2024 में आए रिजल्ट में उसकी सैलेक्शन हो गई।

### चार को रोहतक आक्रोश रैली में शिक्षक वर्ग बढ़ चढ़कर लेगा भाग

**जींद।** अक्षर भवन में बुधवार को अध्यापक संघ की कोर कमेटी की बैठक जिला प्रधान साधुराम की अध्यक्षता में हुई। बैठक को संबोधित करते हुए साधुराम ने कहा की मौजूदा सरकार की कर्मचारीए मजदूर तथा किसान विरोधी नीतियों से पूरे प्रदेश में रोष व्याप्त है। इन्हीं नीतियों का मुंह तोड़ जवाब देने के लिए प्रदेश का कर्मचारी विशेषकर शिक्षक वर्ग चार फरवरी को रोहतक में प्रस्तावित आक्रोश रैली में बढ़ चढ़कर भाग लेगा। मौजूदा सरकार सार्वजनिक ढांचे के स्थान पर निजीकरण को बढ़ावा देते हुए प्रदेश के संसाधनों को अडानी अंबानी के हाथों सौंप रही है। इससे जनता में भारी रोष व्याप्त है।

## राशन डिपो पर राशन लेने पहुंचे कॉलोनीवासी

# चीनी के साथ तेल नहीं मिला तो अपोलो चौक जाम किया

**खास बातें**

- आधा घंटा बाधित रहा जींद-पटियाला नेशनल हाइवे, जमकर की नारेबाजी
- तेल आने के साथ वितरण का आश्वासन देकर खुलवाया जाम





हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत आए चीनी के साथ सरसों का तेल न मिलने से खफा लोगों ने बुधवार सुबह अपोलो चौक पर जींद-पटियाला मार्ग पर जाम लगा दिया। लोगों का कहना था कि डिपो होल्डर उन्हें सरसों का तेल नहीं दे रहा है। जाम लगने की सूचना पाकर शहर थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और लोगों से बातचीत कर शांत किया और जाम खुलवाया। जाम के कारण यात्रियों तथा वाहन चालको को काफी परेशानी का सामना करना पडा।

शिवपुरी तथा शीतलपुरी कालोनी के राशन उपभोक्ताओं का बुधवार सुबह उस समय धैर्य जवाब दे गया जब राशन डिपो संचालक ने चीनी के साथ सरसों का तेल देने से मना कर दिया। खफा लोग अपोलो चौक पर जींद-पटियाला नेशनल हाइवे पर आ गए और जाम लगा दिया। लोगों का कहना था कि उन्हें राशन लेने के लिए सुबह लाइन में लगना पडता है। डिपो संचालक उन्हें चीनी तो दे रहा है लेकिन सरसो का तेल नहीं दे रहा है। जबकि डिपो संचालक का कहना था कि अन्य राशन तो आया हुआ है लेकिन सरसों का तेल अभी तक नही आया है। काफी देर तक डिपो होल्डर तथा लोगों के बीच खींचतान चलती रही। जब लोगों को सरसों का तेल नही मिला तो राशन लेने आए लोग अपोलो चौक पर आ गए और जींद-पटियाला नेशनल हाइवे पर जाम लगा दिया और सरकार के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। जाम लगने की सूचना पाकर शहर थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और जाम लगाए लोगों तथा डिपो होल्डर से बातचीत की।

#### वितरण का आश्वासन दिया

डिपो होल्डर द्वारा सरसों का तेल आते ही वितरण करने का आश्वासन देने पर लोग शांत हो गए और जाम को खोल दिया। लगभग आधा घंटे लगे जाम के कारण यात्रियों तथा वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पडा।

### छह छात्राओं ने आल इंडिया रग्बी स्पर्धा में जीता कांस्य

**नरवाना।** एसडी महिला महाविद्यालय की 6 छात्राओं ने 19 से 24 जनवरी तक मोहाली में आयोजित ऑल इंडिया रग्बी प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीतकर कॉलेज का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में महाविद्यालय की 6 खिलाड़ी मनप्रीत, रेनू, मोनिका, वर्षा, पूनम और 'योति ने भाग लिया। इनमें से वर्षा, मोनिका और 'योति तीन छात्राएं एनसीसी में भी शामिल है। इस प्रतियोगिता में कुल 55 टीमों ने भाग लिया। एसडी कॉलेज ने नवीन को ट्रेनिंग के लिए रखा था। कोच नवीन ने इन छात्राओं को कठिन प्रशिक्षण दिया। चौधरी रणबीर सिंह विवि की टीम पहली बार इस प्रतियोगिता में भाग लिया।

# 'गाय के लिए दी गई ग्रांटों में एक रुपया भी कोई खाता है तो नरक में जाएगा'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद


जींद। जाट धर्मशाला में गो संरक्षण को लेकर हुई महापंचायत में मौजूद नवीन जयहिंद।

जाट धर्मशाला में बुधवार को गो संरक्षण के लिए महापंचायत का आयोजन किया गया। इस महापंचायत में जयहिंद सेना प्रमुख नवीन जयहिंद पहुंचे। जब हमारे देश के प्रधानमंत्री मोदी अपने घर गाय रखते है तो हमारे सीएम को भी अपने घर गाय बांधनी चाहिए। आम जनता भी अपने घर एक गाय जरूर रखे। जितने भी सांसद, विधायक और मंत्री है। सभी अपने घरों पर गाय बांधे। तभी लोगों के बीच यह संदेश जाएगा कि गौ माता की सेवा व रक्षा कैसे करते हैं, नहीं तो ऐसे ही गाय सडक़ों पर बेसहारा होकर घूमती रहेंगी। उन्होंने कहा कि सरकार के साथ समाज की भी जिम्मेदारी बनती है कि सडक़ों पर घूम रहीं गाय माता को इस कडक़ती ठंड में चारा और सर्दी से बचाने की व्यवस्था की जाए। जयहिंद ने कहा कि सरकार ने गोमाता को सिर्फ वोट का जरिया बना कर छोड़ दिया है। चुनाव के समय गाय के नाम पर वोट तो ले लिया लेकिन खाने के लिए चारा नहीं दिया। ठेकेदारों द्वारा जो हड़वारा सिस्टम गाय के मरने के बाद शरीर की हड्डियों को बेच दिया जाता है।

# बीरेंद्र सिंह कॉलेज ऑफ नर्सिंग में पोस्टर प्रदर्शनी

हरिभूमि न्यूज. उचाना


जींद। नर्सिंग कॉलेज में लगाई गई पोस्टर प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए प्रिंसिपल डा. बाबा वजराला।

बीरेंद्र सिंह कॉलेज ऑफ नर्सिंग उचाना में हर साल विद्यार्थियों को जागरूक करने के लिए विशेष कार्यक्रम विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस, स्तनपान सप्ताह, अंतराष्ट्रीय नर्सिंग-डे सहित अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जाते है। इन दिवसों पर कॉलेज में पोस्टर, मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन करवाया जाता है। कॉलेज में विद्यार्थियों बनाए गए मोटिवेशनल पोस्टरों की प्रदर्शनी लगाई गई। कॉलेज प्रबंधन कमेटी के मुख्य सचिव हरेंद्र सिंह, प्रिंसिपल डॉ.बाबा वजराला ने प्रदर्शनी का निरीक्षण किया। विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए पोस्टरों की सराहना की। विद्यार्थियों के अंदर प्रतिभा की कमी नहीं है।

### जरुरतमंद छात्रों को जूते, जुराब व अन्य सामान किया वितरित

**जींद।** भिवानी रोड स्थित राजकीय कन्या प्राथमिक पाठशाला वाल्मीकि बस्ती व बाल आश्रम में मानव उत्थान सेवा समिति शाखा जींद द्वारा गरीब व जरुरतमंद छात्रों को जूते, जुराब व अन्य सामग्री वितरित की गई। मानव उत्थान सेवा समिति की संचालक महात्मा संजीवनी बाई ने मुख्यातिथि के तौर पर शिरकत की। उन्होंने कहा कि सतपाल महाराज के मार्गदर्शन में समिति द्वारा चलाए जा रहे मानव कल्याण अभियान के तहत गरीब व जरुरतमंद छात्रों को जूतेए जुराब व अन्य खादय सामग्री वितरित की गई।

### समाजसेविका से प्रशंसा पत्र वापस लेने के लिए उपायुक्त को लिखा पत्र

**सफीदों।** नरवाना में गत 26 जनवरी को आयोजित गणतंत्र दिवस पर एक कथित समाजसेविका को प्रशासन द्वारा सम्मानित करने के मामले में डीसी मोहम्मद इमरान रजा को शिकायत दी गई है। शिकायत में रेखा से प्रशंसा पत्र वापस लेने और सूची में कथित समाजसेविका का नाम डालने वाले व्यक्ति के खिलाफ भी जांच करने की मांग की गई है। सफीदों विधानसभा के गांव बिटानी निवासी ललित कुमार ने डीसी मोहम्मद इमरान रजा को दी शिकायत में आरोप लगाया कि समाजसेवा के नाम पर ढिंढोरा पीटा गया है। मीडिया के माध्यम से पता चला कि नरवाना प्रशासन की तरफ से उसे सम्मानित किया गया है। उन्होंने डीसी से गुहार लगाई है कि आरोपित महिला से प्रशंसा पत्र वापस लिया जाए।

# प्रेरणा कार्यक्रम में अंतिम नेहरा का चयन

- अंतिम नेहरा इंडस पब्लिक स्कूल पिल्लूखेड़ा की हैं छात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

इंडस पब्लिक स्कूल पिल्लूखेड़ा की मेधावी छात्रा अंतिम नेहरा का चयन भारत सरकार के प्रेरणा कार्यक्रम के तहत राष्ट्रीय स्तर पर किया गया है। अंतिम नेहरा जिला जींद से एकमात्र छात्रा चयनित हुई है जो पिल्लूखेड़ा जैसे ग्रामीण क्षेत्र के साथ साथ जींद जिला के लिए गौरव का विषय है। स्कूल चेयरमैन सुरेंद्र मड़ोत्रा ने कहा कि इंडस पब्लिक स्कूल के विद्यार्थी हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं। अंतिम अपनी मार्गदर्शक सुमन कुंडू के साथ आगामी तीन फरवरी से अहमदाबाद (गुजरात) में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय स्तरीय साप्ताहिक कार्यक्रम में जिला जींद का प्रतिनिधित्व करते हुए शिरकत करेगी। भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग ने प्रेरणा एक अनुभवात्मक शिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया है। जिसका लक्ष्य सभी प्रतिभागियों को एक सार्थक, अद्वितीय और प्रेरणादायक अनुभव प्रदान करना है। जिससे उन्हें नेतृत्व गुणों के साथ सशक्त बनाया जा सके। सुरेंद्र मड़ोत्रा ने बताया कि चयनित विद्यार्थी प्रेरणा कार्यक्रम में भाग लेंगे और प्रेरणा, नवाचार और आत्म खोज की यात्रा पर निकलेंगे। प्रिंसिपल रोहताश मलिक ने कहा कि प्रेरणा भारतीय शिक्षा प्रणाली के सिद्धांतों और मूल्य आधारित शिक्षा के दर्शन को एकीकृत करने की मजबूत प्रतिबद्धता व प्रेरणादायक शिक्षण कार्यक्रम है जो नवाचार से युक्त है। इंडस पब्लिक स्कूल की छात्रा का राष्ट्रीय स्तर पर चयन होने पर स्कूल में जश्न का माहौल रहा।


जींद। छात्रा अंतिम को सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

# सर्दी से सब्जी की फसल हो रही प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

आए दिन बढ़ रही सर्दी से सब्जी की फसलों को काफी नुकसान हो रहा है। जैसे पाला पड़ रहा है, उससे सब्जी की फसल को काफी नुकसान हो रहा है। उधर गांव नरवल में सब्जी की खेती करने वाले किसानों ने बताया कि लगातार पड़ रही सर्दी और पाले के कारण उनकी सब्जी खराब हो रही हैं। उन्होंने लाखों रुपए खर्च करके जहां जमीन ठेके पर ली थी। वही महंगे भाव के बीज दवाइयों पर खर्च करके फसल तैयार की थी। परंतु सर्दी ने उनके मंसूबों पर पूरी तरह पानी फेर दिया है। उन्होंने कहा कि हर बार कभी बरसात और कभी सर्दी के मौसम से उन्हें ऐसी समस्या से गुजरना पड़ता है। ऐसे मे खासकर सब्जी की खेती करने वाले किसानों के लिए खेती करना घाटे का सौदा बनकर रह गया है। सब्जी की खेती करने वाले किसानों ने सरकार से मांग करते हुए कहा है कि ऐसे में उनकी आर्थिक मदद करनी चाहिए। किसान हरनाम, रामकुमार, रमेश, हवा सिंह ने कहा महंगे भाव जमीन ठेके पर लेकर खेती की हुई है। जिससे सर्दी व बुधवार को हुई बूंदाबांदी से सब्जी की फसलों में और नुकसान की संभावना है।

# वीटा बूथ के नाम पर स्कूल की जमीन पर कब्जा करने वालों का आवंटन हो रद

- खंड शिक्षा अधिकारी को आम आदमी पार्टी ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका


गुहला चीका। बीइओ को ज्ञापन देते आम आदमी पार्टी के पदाधिकारी।

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चीका में आवंटित किए गए वीटा बूथ के नाम पर जिसने भी दीवार तोड़कर नाजायज कब्जा करने की कोशिश की है। उसके खिलाफ कार्रवाई करते हुए बीटा बूथ आवंटन को रद्द करने की मांग आम आदमी पार्टी ने की है। आम आदमी पार्टी के जिला सचिव कुलभूषण शर्मा, ट्रेड विंग के जिला प्रधान जगजीत सिंह, खंड गुहला 2 के प्रधान अशोक वर्मा व अन्य कार्यकताअरं ने आज खंड शिक्षा अधिकारी गुहला को एक ज्ञापन सौपते हुए मांग की कि जिस भी व्यक्ति ने इस प्रकार की कार्रवाई की है। उसका वीटा बूथ का आवंटन रद्द करने की सिफारिश शिक्षा विभाग के माध्यम से भेजी जाए ताकी भविष्य में इस प्रकार के लोगों को सरकारी भूमि का दुरूपयोग करने से रोका जा सके। उन्होनें बताया गया कि शिक्षा विभाग के सरकारी पत्र के अनुसार मुख्य गेट के पास ही बूथ स्थापित करने की जगह दी जानी चाहिए थी लेकिन स्कूल प्रशासन ने पता नहीं किसके दबाव में आकार ऐसी जगह पर बूथ लगाने की इजाजत दी जो पहले से ही कोर्ट में मामला जाने के कारण विवादित है। इसमें कुछ राजनीतिक लोगों का निजी स्वार्थ भी झलकता है, इसलिए आवंटन रद्द कर उसके खिलाफ करवाई भी हो और बूथ का स्थान बदल कर मुख्य गेट पर एक तरफ रखा जाए। शिक्षा विभाग के पत्र मे कहीं भी खिडकी रखने या दरवाजा सड़क तरफ रखने का प्रावधान नहीं दिया गया है। बूथ मालिक का यह बहना भी झूठा है कि हम तो केवल खिड़की रख रहे हैं वास्तव मे सड़क की तरफ गेट स्थापित करने का इरादा था।

**कार्यक्रम** विधायक ने पूंडरी शहर की सड़कों का किया निरीक्षण

# 25 करोड़ रुपये से चमक उठी है हलका पूंडरी की सड़कें : रणधीर गोलन

विकास के लिए मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कभी भी धन की कमी नहीं आने दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

विधायक रणधीर सिंह गोलन ने कहा कि हलका पूंडरी के विकास के लिए मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कभी भी धन की कमी नहीं आने दी। हलका पूंडरी की सड़कों पर 25 करोड़ रुपये की राशि खर्च की गई है, जिससे शहर की सभी सड़कें चमक उठी है। शहर में नई सड़के भी बनाई गई हैं तथा पुरानी सड़कों की मुरम्मत व चोड़ी की गई है।

विधायक रणधीर सिंह गोलन पाई गेट पूंडरी में अधिकारियों के साथ शहर की सड़कों का निरीक्षण करने के दौरान बोल रहे थे। विधायक ने शहर की सड़क व्यवस्थाओं को जांचा और जहां भी कमी लगी तुरंत अधिकारियों को दुरुस्त करनें के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी सड़क में कोई भी कमी नहीं रहनी चाहिए। शहर की सभी सड़कों की मुरम्मत करवाई गई है तथा कुछ नई सड़कें भी बनई गई हैं। विकास कार्यों के लिए सरकार के पास धन की कमी नहीं है। बस काम करने वाले इंसान की जरूरत है।

उन्होंने कहा कि पूंडरी शहर में विधिवत लाईटिंग की व्यवस्था है, सभी वर्गों के लिए की चौपाले बनाई जा रही है, सामुदायिक केंद्र बनाये जा रहें है तथा हर तरफ विकास हो रहा है। वे स्वयं पूण्डरी हल्के की फाइलों को मंजूर करवाने को लेकर प्रयासरत रहतें हैं और हर कार्य के पीछे पड़कर मंजूर करवाकर लातें हैं। आज पूण्डरी हल्के से दूसरे क्षेत्र तुलना करनें लगे है कि किस प्रकार पूण्डरी तरक्की के पथ पर कायम है। वे हर एक अधिकारी से कार्य करवाना जानतें हैं। उनके प्रयासों से ही आज हमारा हल्का गौरवशाली उन्नति कर रहा है। एसडीओ लोक निर्माण विभाग गुरप्रीत सिंह, जेई अमित, बलजीत पूर्व पार्षद, मनदीप गोलन, संजीव निजी सचिव सहित अनेक व्यक्ति उपस्थित रहे।

- शहर की सड़क व्यवस्थाओं को जांचा और जहां भी कमी लगी तुरंत अधिकारियों को दुरुस्त करनें के निर्देश


कैथल। विधायक रणधीर सिंह गोलन विकास कार्यों का निरीक्षण करते हुए। फोटो :हरिभूमि